सत्यमेव जयते

संख्या : 27679/जी0एस0(शिक्षा)/J-56/2016

प्रेषक,

**लक्ष्मण राम आर्य,**
कुलाधिपति के उपसचिव।

सेवा में,

**कुलपतिगण,**
गो०ब०पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर/दून विश्वविद्यालय, देहरादून/वीर माधो सिंह भण्ड़ारी उत्तराखण्ड़ प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून/श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल/हे०न०ब० उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय, देहरादून/उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय, देहरादून/उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार/कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल/उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी/सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा/वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली उत्तराखण्ड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, भरसार, पौड़ी गढ़वाल।

**राज्यपाल/कुलाधिपति सचिवालय उत्तराखण्ड** : **देहरादून : दिनांक : 14 जनवरी, 2026**

**विषय : उत्तर प्रदेश राज्य में स्थापित विश्वविद्यालय के कुलपति पद हेतु निर्गत विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित करने विषयक।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक डा0 सुधीर एम0 बोबडे, अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल, उ0प्र0 द्वारा सचिव श्री राज्यपाल को ई0मेल द्वारा प्रेषित पत्र दिनांक 08.01.2026 (छायाप्रति संलग्न) का अवलोकन करने का कष्ट करें।

अपर मुख्य सचिव महोदय द्वारा मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय-गोरखपुर (उ0प्र0) में कुलपति के पद नियुक्ति सम्बन्धी प्रक्रिया विचारधीन होने के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए उक्त विज्ञप्ति उत्तराखण्ड राज्य विश्वविद्यालयों की वेबसाइट पर प्रसारित करने का अनुरोध किया गया है।

अतः इस सम्बन्ध में उक्त पत्र एवं संलग्नकों की छायाप्रतियां इस आशय से आपको संलग्न कर प्रेषित की जा रही हैं कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित किये जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का कष्ट करें।

**संलग्नक-यथोपरि।**

भवदीय,

14/1/26

**(लक्ष्मण राम आर्य)**
कुलाधिपति के उपसचिव।

E-27634/2026

सचिव

08/01/2026

ई-मेल

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
लखनऊ-226027

संख्या : ई – 133 /जी0एस0
दिनांक: जनवरी 08 , 2026

प्रेषक,

राज्यपाल उत्तराखण्ड

श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के
विशेष कार्याधिकारी, श्री राज्यपाल, भा.प्र.से.(से.नि.),
(अपर मुख्य सचिव स्तर), उत्तर प्रदेश।

A3/30(Edu)

सेवा में,

प्रमुख सचिव/सचिव, श्री राज्यपाल,
समस्त राज्य,
भारत।

DS 13/01/2026
(रविनाथ रामन)
सचिव श्री राज्यपाल

S.O(Edu)
13/1/26

महोदय,

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय एक प्राचीन विश्वविद्यालय स्थापित है।

उपर्युक्त विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर नियुक्ति सम्बन्धी प्रक्रिया वर्तमान में विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में विज्ञापन संख्या : ई-87/2026, दिनांक 06.01.2026 (प्रति संलग्न) को प्रकाशित कराया जा रहा है। मा0 राज्यपाल, उत्तर प्रदेश द्वारा उपर्युक्त विज्ञापन को समस्त प्रदेशों के विश्वविद्यालयों की वेबसाइट पर भी प्रकाशित कराने सम्बन्धी निर्देश दिये गये है।

अतः इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया अपने प्रदेशों से सम्बन्धित विश्वविद्यालयों की वेबसाइट पर उपर्युक्त विज्ञापन को प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

संलग्नक : यथोपरि

07.1.26

( डॉ. सुधीर एम. बोबडे )
विशेष कार्याधिकारी, श्री राज्यपाल, भा.प्र.से.(से.नि.),
(अपर मुख्य सचिव स्तर), उ0प्र0।

RO(5)
13/01/2026

राज भवन, लखनऊ

मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर (उ.प्र.) के कुलपति के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करने के संबंध में सूचना

विज्ञापन संख्या : ई–87/2026 दिनांक : जनवरी 06, 2026

मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर (उ0प्र0), जो कि उत्तर प्रदेश मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2013 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 22 सन् 2013) के अन्तर्गत स्थापित है, के कुलपति की नियुक्ति, उक्त अधिनियम की धारा–11(2) के अधीन गठित समिति द्वारा अनुसंशित पैनल में से कुलाधिपति के द्वारा की जानी प्रस्तावित है।

कुलपति के रूप में चयन के लिए केवल ऐसे व्यक्तियों पर विचार किया जायेगा जिन्होने 65 वर्ष की आयु प्राप्त न की हो। कुलपति अपना पद तीन वर्ष की अवधि के लिये या 68 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, धारण करेगा।

चूंकि कुलपति विश्वविद्यालय का प्रधान कार्यपालक और शैक्षणिक अधिकारी होता है, इसलिये अभ्यर्थी में उच्च कोटि की क्षमता, सत्यनिष्ठा, नैतिकता एवं संस्थागत वचनबद्धता होनी चाहिए। अभ्यर्थी, अनुप्रयुक्त विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रबन्धन के किसी क्षेत्र में ख्याति प्राप्त ऐसा विद्वान होगा, जिसके पास उच्चतर शिक्षा के परास्नातक उपाधि स्तरीय संस्थान में प्रशासनिक अनुभव हो।

कुलपति पद के लिए इच्छुक अभ्यर्थी राज भवन की वेबसाइट "www.upgovernor.gov.in" पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन दिनांक 28.01.2026(बुधवार) तक केवल ऑनलाइन **(Online)** प्रेषित कर सकते है।

निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

विशेष कार्याधिकारी, श्री राज्यपाल,
भा.प्र.से.(से.नि.),
(अपर मुख्य सचिव स्तर),
उत्तर प्रदेश।

**RAJ BHAVAN, LUCKNOW.**

**NOTICE INVITING APPLICATIONS FOR APPOINTMENT OF VICE CHANCELLOR FOR MADAN MOHAN MALAVIYA UNIVERSITY OF TECHNOLOGY, GORAKHPUR (U.P.)**

**Advt. No. E- 87 /2026**

**Dated : January 06 , 2026**

It is proposed to appoint the Vice-Chancellor for the Madan Mohan Malaviya University of Technology, Gorakhpur (U.P.), established under The Uttar Pradesh Madan Mohan Malaviya University of Technology Act, 2013 (U.P. Act No. 22 of 2013) by the Chancellor, out of a panel to be recommended by a Committee appointed in terms of Section- 11(2) of the said Act.

Only such persons will be considered for selection as Vice Chancellor who have not attained the age of 65 years. Vice Chancellor will hold office for a period of three years or till 68 years of age, whichever is earlier.

As the Vice Chancellor is the Principal Executive and Academic Officer of the University, he/she should have highest level of competence, integrity, morals and institutional commitment. The applicant shall be a scholar of eminence in one of the areas of applied sciences, engineering and management, having administrative experience in a Post Graduate Degree level institution of higher learning.

The applicant for the post of Vice-Chancellor send his/her application **Online only** in prescribed format available on the website "**www.upgovernor.gov.in**" on or before **28.01.2026(Wednesday).**

Any application received after the prescribed date shall not be considered.

07.1.26

**OSD to Governor,**
**IAS(Retd.)**
**(Additional Chief Secretary Level),**
**Uttar Pradesh.**